अपने क्षेत्र की ब्रांडिंग के लिए आगे आएं जनप्रतिनिधि : योगी

मुख्यमंत्री ने सांसद-विधायकों के साथ की बरेली व देवीपाटन मंडल की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली व देवीपाटन मंडल के सांसद व विधायकों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की ब्रांडिंग के लिए स्वयं आगे आएं। जनप्रतिनिधि सरकार की औद्योगिक नीतियों के बारे में उद्यमियों को अवगत कराएं और निवेशकों से सीधे संवाद करें। बरेली व देवीपाटन मंडल के हर जिले में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर जिलों से आए सांसद व विधायकों से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली। शीतलहर के बीच आम जनमानस के साथ-साथ खेती-किसानी और गोवंश आदि की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा और आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश भी दिए।

विदेशी एवं घरेलू निवेशक रोड शो से प्रेरणा लेते हुए अनेक जिलों ने निवेशक सम्मेलन आयोजित किए और हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। ऐसे ही प्रयास बरेली और देवीपाटन मंडल में भी किये जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह इन्वेस्टर्स समिट नई ऊंचाइयां छूने वाला होगा। सांसद व विधायक प्रदेश की नई औद्योगिक नीतियों का प्रचार प्रसार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरेली मंडल का हर जिला औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं से भरा है। बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर सहित जिलों में बहुत क्षमता है। देवीपाटन मंडल के हर जिले में पर्याप्त लैंडबैंक है। ईको पर्यटन की बड़ी संभावना है। जनप्रतिनिधि के रूप में आप अपने क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर हैं। इन खूबियों से देश-दुनिया को परिचय कराने के लिए आपको ठोस प्रयास करना होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बलरामपुर में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके बन जाने के बाद बलरामपुर जिले और नेपाल सीमा से सटे लोगों को बड़ी सुविधा होगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने नवीन विकास कार्यों के बारे क्षेत्रीय जनाकांक्षाओं से भी अवगत कराया और इस संबंध में अपने प्रस्ताव भी दिए। मुख्यमंत्री ने सांसद और विधायकों के इन प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को निर्देशित भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अपने सरकारी आवास पर देवीपाटन मंडल के सांसद व विधायकों के साथ बैठक करते • सूचना विभाग

विकास परियोजनाओं का करें निरीक्षण

सीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करते रहें। यह योजनाएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की छवि निर्माण में सहायक हैं। गुणवत्ता और समय पर निर्माण सुनिश्चित करने में जनप्रतिनिधियों को योगदान करना होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि शीतलहर के बीच क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का भी वे निरीक्षण करते रहें।

मां पाटेश्वरी मंदिर के लिए तुलसीपुर में बनेगा बस स्टेशन

बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी शक्ति पीठ के लिए शीघ्र ही यहां बस स्टेशन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में यथाशीघ्र कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवों में अंत्येष्टि स्थलों के विकास आवश्यक है। इसी प्रकार कस्बों में बस स्टेशनों के जीर्णोद्धार की भी जरूरत है। जनप्रतिनिधियों को इन कार्यों में सहयोग करना चाहिए। स्थानीय सांसद एवं विधायक भूमि उपलब्ध कराएं, हमें प्रस्ताव दें, सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

निराश्रित गोवंश प्रबंधन में जनप्रतिनिधि का सहयोग जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गो-आधारित प्राकृतिक खेती से किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। बदायूं के वृहद गोसंरक्षण केंद्र परिसर में गाय के गोबर से पेंट निर्माण का अच्छा प्रयास किया गया है। इससे अन्य जिलों में भी गोआश्रय स्थलों को जोड़ा जाना चाहिए। निराश्रित गोवंश प्रबंधन में हर जनप्रतिनिधि का सहयोग आवश्यक है। बरेली इस दिशा में एक माडल प्रस्तुत कर सकता है। छोटे-छोटे गो-आश्रय स्थलों के स्थान पर बड़े आश्रय स्थल का विकास किया जाना उचित होगा। यहां बायो फ्यूल प्लांट लगाए जा सकेंगे।